RNI NO PUNBIL/2014/59416
UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

VOL: 11 | ISSUE 174 | WEDNESDAY 01-07-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## गुस्ताखी माफ



वर्दी की महिमा बड़ी, सचमुच अपरंपार।
धारण करने मात्र से, लग जाते अंबार।
लग जाते अंबार, भले हो बंदा नकली।
मिल जाता बेरोक, हर जगह चंदा असली।
कह साहिल कविराय, न देखे गर्मी-सर्दी।
हर मौसम में कृपा, बनाये रखती वर्दी।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल




# बिजली न आने से परेशान हुए इंडस्ट्रियलिस्ट, चीफ इंजीनियर से मुलाकात, दो दिन का मांगा समय



लुधियाना/यूटर्न/30 जून। लुधियाना में लगातार बढ़ रही बिजली की डिमांड से इंडस्ट्री को पर्याप्त पावर सप्लाई नहीं मिल रही। जिसके चलते फैक्ट्रियां चल नहीं पा रही। इसी के चलते अलग अलग सेक्टर के कारोबारियों द्वारा मिलकर चीफ इंजीनियर जगदेव सिंह हांस से मिलने पहुंचे। उन्होंने उनसे पावर सप्लाई पर स्थिति स्पष्ट करने को कहा। चीफ इंजीनियर जगदेव सिंह हांस को इंडस्ट्रियलिस्ट ने कहा कि जब भी राज्य में बिजली संकट होता है तो इसका खामियाजा सबसे पहले इंडस्ट्री को झेलना पड़ता है। पावरकॉम ने कैटागिरी-2 और कैटागिरी-3 को रात में पावर सप्लाई नहीं मिल रही, इस वजह से शहर की 80 फीसदी इंडस्ट्री रात को बंद है। इंडस्ट्रिलिस्ट ने कहा कि रात को पावरकॉम ने शेड्यूल कट लगा दिए और दिन में अनशेड्यूल कट लगाए जा रहे हैं। जिसकी वजह से इंडस्ट्री पूरी तरह से बंद होने के कगार पर है। उनका कहना है कि अगर पावरकॉम के पास बिजली नहीं है तो मॉल-रेस्टोरेंट बंद करवाए। सिर्फ इंडस्ट्री ही बंद क्यों करवाई जा रही है। इस दौरान कारोबारी उपकार सिंह आहूजा, राहुल आहूजा, पंकज शर्मा, सतनाम सिंह मक्कड़ समेत कई उद्योगपति मौजूद थे।

### दो दिन का मांगा समय

*बैठक में तीखी बहस के बाद चीफ इंजीनियर ने उद्यमियों को कहा कि सिर्फ दो दिन का टाइम दें, उसके बाद ऐसी स्थिति नहीं आएगी। चीफ इंजीनियर का कहना है कि पैडी सीजन के कारण बिजली की डिमांड बढ़ी है, जिसकी वजह से सप्लाई में दिक्कत आ रही है।*






## मंत्रियों से हो रहे सवाल; लेकिन प्रधानमंत्री इस दायरे से बाहर हैं

लगभग एक दशक तक, अर्नब गोस्वामी और भारत के ज्यादातर टेलीविजन न्यूज इकोसिस्टम पर एक ही आलोचना लगातार होती रही: कि उन्होंने सत्ता में बैठे लोगों से मुश्किल सवाल पूछना बंद कर दिया था। प्राइम-टाइम डिबेट में कभी तीखे सवाल पूछने वाली पत्रकारिता की जगह धीरे-धीरे एक ऐसी शैली ने ले ली, जो सरकार की आलोचना करने के बजाय उसका बचाव करने में ज्यादा दिलचस्पी लेती थी। अब ऐसा नहीं है। लेकिन मीडिया से बीजेपी शासित राज्यों के मंत्रियों और मुख्यमंत्रियों से सवाल पूछने के लिए कौन कह रहा है? मीडिया दबाव में क्यों नहीं झुक रहा? अजीब है, है ना? या फिर क्या इस बार मीडिया को ऐसा ही रुख अपनाने के लिए कहा गया है? इसीलिए हालिया बदलाव पर ध्यान न देना मुश्किल है।



संदीप शर्मा, सम्पादक

कुछ ही हफ्तों में, रिपब्लिक टीवी ने नीट विवाद को लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से तीखे सवाल पूछे हैं, प्रशासनिक खामियों को लेकर मध्य प्रदेश सरकार से जवाब-तलब किया है, अयोध्या मामले के प्रबंधन पर असहज करने वाले सवाल उठाए हैं, और बीजेपी शासित सरकारों की उन नाकामियों को उजागर करने की इच्छा दिखाई है, जिनका पहले शायद ही कभी ज़िक्र होता था। कई दर्शकों को यह 'वॉचडॉग पत्रकारिता' (सत्ता पर नजर रखने वाली पत्रकारिता) में जबरदस्त वापसी जैसा लगता है। लेकिन क्या वाकई ऐसा है? यह पैटर्न बहुत कुछ बताता है। सवाल बीजेपी से पूछे जा रहे हैं। इनका निशाना मंत्री, मुख्यमंत्री, नौकरशाही और पार्टी पदाधिकारी हैं। फिर भी, एक व्यक्ति लगभग पूरी तरह से इस दायरे से बाहर है: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। संसदीय लोकतंत्र में सरकारें सामूहिक ज़िम्मेदारी के सिद्धांत पर काम करती हैं। कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र रूप से काम नहीं करते; वे प्रधानमंत्री के नेतृत्व में नीतियां लागू करते हैं। राज्य सरकारों को भी पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व से राजनीतिक वैधता मिलती है। अगर शासन में खामियां सिस्टम से जुड़ी हैं, तो जवाबदेही हमेशा शीर्ष स्तर से एक पायदान नीचे ही नहीं रुक सकती।

फिर भी, मीडिया में उभरती हुई कहानी बहुत सोच-समझकर तैयार की गई लगती है। नाकामियों को माना तो जाता है, लेकिन उन्हें अक्सर मोदी सरकार की नाकामियों के बजाय उनके आस-पास के लोगों की नाकामियां बताया जाता है। इसके पीछे एक और वजह हो सकती है। आज बीजेपी वैसी अजेय राजनीतिक मशीन नहीं रही, जैसी 2019 के बाद दिखती थी। 2024 के लोकसभा चुनावों ने दिखा दिया कि चुनावी हार भी संभव है। क्षेत्रीय नेता अपनी बात मजबूती से रख रहे हैं। शासन से जुड़े मुद्दों परीक्षाओं और महंगाई से लेकर बेरोजगारी और स्थानीय प्रशासन तक को अब लंबे समय तक नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। जो मीडिया इकोसिस्टम हर नाकामी को नजरअंदाज करता है, वह उन दर्शकों का भरोसा खोने का जोखिम उठाता है जो इन समस्याओं को खुद झेलते हैं। आखिरकार, टेलीविजन का काम दर्शकों के भरोसे और राजनीतिक नजदीकी, दोनों से चलता है। इसलिए, मंत्रियों से सवाल पूछने के दो मकसद पूरे होते हैं: इससे जवाबदेही की मांग करने वाले दर्शकों को संतुष्टि मिलती है और साथ ही पार्टी के सबसे बड़े नेता से सीधे टकराव से भी बचा जा सकता है। क्या यह सचमुच संपादकीय आजादी है, यह तभी साफ होगा जब सवाल जवाबदेही की सीढ़ी के आखिरी पायदान तक पहुँचेंगे। क्या प्रधानमंत्री कार्यालय में लिए गए फैसलों पर भी उतनी ही सख्ती से सवाल उठाए जाएँगे? क्या सिर्फ लागू करने के तरीके के बजाय, खुद मुख्य नीतियों की भी बारीकी से जाँच-पड़ताल की जाएगी? क्या इंटरव्यू, सोच-समझकर की गई बातचीत के बजाय तीखे सवालों और पड़ताल का जरिया बनेंगे? असली परीक्षा तो यही है।

# बाजार में नकली सिगरेट की भरमार 292 नकली सिगरेट पैकेट जब्त

अशोक सहगल

लुधियाना, यूटर्न 30 जून। पंजाब खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) की आयुक्त श्रीमती कमलप्रीत कौर बराड़ के निर्देशानुसार सिविल सर्जन कार्यालय, लुधियाना द्वारा सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम (COTPA) के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु शहर में विशेष जांच अभियान चलाने के लिए चार संयुक्त प्रवर्तन दलों का गठन किया गया। प्रत्येक दल में एक ड्रग इंस्पेक्टर, एक फूड सेफ्टी अधिकारी तथा एक पुलिस अधिकारी को शामिल किया गया, ताकि तंबाकू उत्पादों की अवैध बिक्री के विरुद्ध प्रभावी एवं समन्वित कार्रवाई की जा सके।

विशेष जांच अभियान के दौरान टीमों ने लुधियाना शहर के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित सात सिगरेट एवं तंबाकू उत्पाद विक्रेताओं की दुकानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एक दुकान से अनिवार्य चित्रात्मक स्वास्थ्य चेतावनी के बिना रखे गए सिगरेट के 292 पैकेट बरामद किए गए। उक्त समस्त स्टॉक को कोफ्टा अधिनियम के प्रावधानों के तहत मौके पर ही जब्त कर लिया गया। संबंधित दुकानदार को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया गया है तथा अधिनियम के तहत आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि तंबाकू नियंत्रण कानूनों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध भविष्य में भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए डॉ. रमनदीप कौर, सिविल सर्जन, लुधियाना ने कहा कि जिला प्रशासन जनस्वास्थ्य की सुरक्षा तथा तंबाकू नियंत्रण कानूनों के कड़ाई से पालन को सुनिश्चित करने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि तंबाकू उत्पादों पर अनिवार्य चित्रात्मक स्वास्थ्य चेतावनियां लोगों को तंबाकू सेवन से होने वाले गंभीर स्वास्थ्य जोखिमों के प्रति जागरूक करने तथा विशेष रूप से युवाओं को इसकी लत से दूर रखने का एक महत्वपूर्ण माध्यम हैं। डॉ. रमनदीप कौर ने सभी थोक विक्रेताओं, वितरकों एवं खुदरा विक्रेताओं से अपील की कि वे केवल उन्हीं तंबाकू उत्पादों की बिक्री करें जिन पर कानून के अनुसार निर्धारित चित्रात्मक स्वास्थ्य चेतावनियां अंकित हों। उन्होंने चेतावनी दी कि COTPA अधिनियम के किसी भी प्रावधान का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।





### नकली सिगरेट बिक्री की शंका होने पर सिविल सर्जन कार्यालय करें सूचित

सिविल सर्जन ने आम नागरिकों से भी अपील की कि वे सरकार के तंबाकू नियंत्रण अभियान में सक्रिय सहयोग दें तथा यदि कहीं अवैध अथवा नियमों का उल्लंघन करने वाले तंबाकू उत्पादों की बिक्री हो रही हो तो इसकी सूचना स्वास्थ्य विभाग को दें। उन्होंने कहा कि लुधियाना में ऐसे विशेष प्रवर्तन अभियान भविष्य में भी निरंतर जारी रहेंगे, ताकि अवैध तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।

# निजी गाड़ी पर ब्लिंकर-हूटर लगाकर निकली भाजपा पार्षद, ट्रैफिक पुलिस बोली- अनुमति नहीं

जीरकपुर/यूटर्न/30 जून। भाजपा की वार्ड नंबर-4 की नवनिर्वाचित पार्षद अलका सैनी की निजी इनोवा क्रिस्टा पर लाल-नीली फ्लैश लाइट, वीआईपी एस्कॉर्ट जैसा हूटर और नंबर प्लेट पर लाल रंग की टेप लगाए जाने का मामला चर्चा में आ गया है। मंगलवार को शहर की सड़कों पर उनकी गाड़ी वीआईपी अंदाज में घूमती दिखाई दी, जिसके बाद लोगों ने इस पर सवाल उठाने शुरू कर दिए।



स्थानीय लोगों का कहना है कि जनप्रतिनिधियों से कानून का पालन करने की सबसे अधिक अपेक्षा होती है। ऐसे में निजी वाहन पर ब्लिंकर और हूटर लगाकर चलना वीआईपी संस्कृति को बढ़ावा देने जैसा है। लोगों ने मांग की है कि नियमों का उल्लंघन करने वाले किसी भी वाहन पर समान रूप से कार्रवाई होनी चाहिए।

इस संबंध में जब पार्षद अलका सैनी से बात की गई तो उन्होंने कहा कि उनके सामने से 'प्राउड टू बी अकाली' लिखा हुआ एक वाहन निकला था, उस पर भी फ्लैशर लगा हुआ था। उन्होंने कहा कि ऐसी गाड़ियां भी सड़कों पर चल रही हैं। हालांकि लोगों का कहना है कि यदि किसी अन्य वाहन पर भी नियमों के विपरीत फ्लैशर लगा है तो उस पर भी कार्रवाई होनी चाहिए, लेकिन किसी दूसरे वाहन का हवाला देकर अपनी गाड़ी पर लगे फ्लैशर और हूटर को सही नहीं ठहराया जा सकता।

अब निगाहें ट्रैफिक पुलिस और प्रशासन पर हैं कि वे भाजपा पार्षद की गाड़ी के साथ-साथ 'प्राउड टू बी अकाली' लिखी उस गाड़ी की भी जांच करते हैं या नहीं। लोगों का कहना है कि कानून सभी के लिए समान होना चाहिए, चाहे वाहन किसी आम व्यक्ति का हो या किसी जनप्रतिनिधि का।

इस मामले में ट्रैफिक इंचार्ज इंस्पेक्टर संजीव कुमार ने कहा कि पार्षद को ब्लिंकर लगाने की अनुमति नहीं है। ब्लिंकर और हूटर केवल अधिकृत वीवीआईपी वाहनों के लिए ही अनुमत हैं। यदि ऐसा कोई वाहन उनकी नजर में आता है जो ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन कर रहा होगा, तो उसके खिलाफ कानून के अनुसार चालान किया जाएगा।

RNI NO PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

## डीआईजी की दखल के बाद 74 वर्षीय महिला से मारपीट मामले में केस दर्ज, पड़ोसी समेत चार पर आरोप

अजीत झा, चंडीगढ़। सेक्टर-10 की 74 वर्षीय महिला के साथ कथित मारपीट, रास्ता रोकने और धमकाने के मामले में सेक्टर-3 थाना पुलिस ने पड़ोसी समेत चार लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। महिला द्वारा मामले की शिकायत डीआईजी से किए जाने और वीडियो व मेडिकल साक्ष्य सौंपने के बाद पुलिस ने कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार, मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 115(2), 126(2) और 3(5) के तहत केस दर्ज किया गया है। आरोपियों में महिला के पड़ोसी हरप्रीत चावला, उनके चालक कश्मीरा सिंह तथा दो घरेलू सहायक शामिल हैं।

VOL: 11 | ISSUE 174 | WEDNESDAY 01-07-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

# निगम के और SE पर टेंडरों में घोटाले के लगे आरोप, रिश्तेदारों को ठेकेदार बना करोड़ों के काम दिलाए, सीएम को शिकायत

लुधियाना/यूटर्न/30 जून। लुधियाना नगर निगम में पहले एसई (सुपरिंटेंडेंट इंजीनियर) संजय कंवर को टेंडरों में कमीशन लेने के आरोप में विजिलेंस ने गिरफ्तार किया था। वहीं अब निगम के एक और एसई पर टेंडरों में करोड़ों के घोटाले करने के आरोप लगे हैं। नगर निगम के जोन-बी में तैनात एसई प्रवीन सिंगला पर रिश्तेदारों को ठेकेदार बना उन्हें वर्क ऑर्डर दिलाकर करोड़ों रुपए का हेरफेर करने के आरोप लगे हैं। जिस संबंधी सीएम भगवंत मान को लिखित में शिकायत दी गई है। शिकायतकर्ता संजय गांधी कॉलोनी के रहने वाले राजिंद्र पाल सिंह है। जिनकी और से शिकायत में एसई के रिश्तेदारों के नाम, उनकी कंपनियां, कब कौनसा काम दिलाया और कितना फंड लिया, इसकी विस्तार से जानकारी दी गई है। आरोप है कि इन कंपनियों और उन्हें मिले टेंडरों की जांच होने पर बड़े खुलासे होंगे। हालांकि एसई प्रवीन सिंगला द्वारा इन आरोपों को सिरे से नकार दिया गया है। कुछ दिन पहले ही एसई प्रवीन सिंगला और अकाली दल पार्षद चतरवीर सिंह उर्फ कमल अरोड़ा में झगड़ा हुआ था। जिसके बाद पार्षद पर मामला दर्ज हुआ था। जिसके चलते उक्त शिकायत और उसमें लगाए आरोप कितने सही है या राजनीति से प्रेरित है, यह तो आने वाला समय ही बताएगा। उक्त शिकायत सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है।




- **26 सालों से एक ही जोन में ज्यादातर ड्यूटी, आखिर क्या है राज ?...**शिकायत में राजिंद्र पाल सिंह ने आरोप लगाए हैं कि प्रवीन सिंगला पिछले 26 सालों से एक ही शहर में तैनात है। यहां तक कि उसकी ज्यादातर ड्यूटी जोन-बी में ही रही है। कुछ समय के लिए वे जोन-सी में भी तैनात रहे। राजिंद्र पाल सिंह का आरोप है कि इसके पीछे का कारण राजनीतिक छह है। क्योंकि जब जिस पार्टी की सरकार होती है, प्रवीन सिंगला उसी पार्टी के लीडर से संपर्क कर लेते हैं। जिसके बाद लीडर की शह होने के चलते आज तक कोई भी अधिकारी उनकी ट्रांसफर नहीं करवा सका। अगर किसी ने करवाई तो ज्यादा समय बरकरार नहीं रही। आरोप है कि एसई सिंगला का जोन-बी में पूरा होल्ड हैं। उनके कहे बिना पत्ता तक नहीं हिलता।
- **रिश्तेदार ठेकेदारों का बना रखा है गैंग...**राजिंद्र पाल सिंह का आरोप है कि एसई प्रवीन सिंगला द्वारा अपने रिश्तेदारों को पहले नगर निगम में ठेकेदारी दिलाई और फिर उन्हें भारी भरकम रेट वाले टेंडर भी दिलाए। जिसमें एसई द्वारा मोटी कमीशन ली जाती है। राजिंद्र पाल सिंह का आरोप है कि एसई ने निगम में रिश्तेदार ठेकेदारों का गैंग बना रखा है। उसकी और से अपने रिश्तेदारों की कंपनियां ध्यान में रखकर एस्टीमेंट बनाए जाते हैं। फिर दूसरे अफसरों के साथ मिलकर टेंडर अपने रिश्तेदारों को दिलाए जा रहे हैं। आरोप है कि एसई के रिश्तेदार भी किसी भी हद तक जाकर लैस डालकर टेंडर ले लेते हैं। एस्टीमेंट ही उनके मुताबिक बना होने के चलते लैस देकर भी वे मोटी कमाई कर जाते हैं।
- **एसई द्वारा की जा रही फंडिंग...**राजिंद्र पाल सिंह का आरोप है कि एसई प्रवीन सिंगला द्वारा अपने रिश्तेदारों को करोड़ों रुपए के टेंडर दिलाए जा रहे हैं। यह सिलसिला कई सालों से बरकरार है। कई अफसरों को इसकी जानकारी भी है। लेकिन आपसी मिलीभगत और एसई बाहुबली होने के चलते कोई डर के बोलता नहीं है। आरोप है कि एसई द्वारा अपने रिश्तेदारों को टेंडर दिलाने के लिए करोड़ों रुपए की फंडिंग भी की जाती है। कमीशन में कमाया पैसा, वे इसी में इन्वेस्ट करते हैं।
- **10 साल के रिकॉर्ड की जांच में होंगे बड़े खुलासे...**शिकायतकर्ता का आरोप है कि उक्त कंपनियों को पिछले 10 साल के दौरान दिए टेंडरों का रिकॉर्ड चैक किया जाए। जिससे बड़े खुलासे होंगे। वहीं राजिंद्र सिंह द्वारा शिकायत में एसई के रिश्तेदारों की कंपनियों के नाम, उन्हें पहले मिले टेंडरों, मौजूदा टेंडरों की स्थिति और कितनी फंडिंग हुई है, इस संबंधी विस्तार से जानकारी दी गई है। जिस संबंधी जल्द खुलासा किया जाएगा। वहीं शिकायतकर्ता द्वारा जल्द एसई की प्रॉपर्टियों का भी खुलासा करने का दावा किया है।

**इनलिस्टमेंट में कंपनियों ने बताया रिश्तेदार...**राजिंद्र सिंह की और से चार कंपनियों को एसई के रिश्तेदारों की कंपनियां बताया गया है। उनका आरोप है कि उक्त कंपनियों ने इनलिस्टमेंट के दौरान बताया हुआ है कि उनके रिश्तेदार निगम में मुलाजिम है। रिश्तेदार मुलाजिम होने पर किसी भी कंपनी को इनलिस्टमेंट नहीं किया जा सकता। लेकिन आपसी सेटिंग के चलते यह मुमकिन हो सका। राजिंद्र सिंह का आरोप है कि सभी कंपनियों की इनलिस्टमेंट भी एसई के कार्यकाल के दौरान हुई है।



## झूठ बोलकर किया जा रहा गुमराह

एसई प्रवीन सिंगला का कहना है कि कुछ लोगों द्वारा झूठ बोलकर गुमराह किया जा रहा है। इन बातों का कोई अंत नहीं है। जब मर्जी, जिसके खिलाफ मर्जी शिकायत दे दो, इसमें क्या है। मेरा कोई भी रिश्तेदार ठेकेदार नहीं है। ठेकेदारों द्वारा इनलिस्टमेंट के दौरान सारी जानकारी जिला मजिस्ट्रेट फस्ट क्लास के रजिस्टर्ड एफिडेबिट दिए जाते हैं, फिर हेरफेर कैसे हो सकता है। दस्तावेजों की चैकिंग के बाद ही कंपनी निगम में रजिस्टर्ड होती है। जिसमें गलत होने की संभावना ही नहीं है।



# मोहाली बीजेपी वाइस डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट पर हमला, नाक पर चोटें आई, आप पार्षद पर आरोप

मोहाली/यूटर्न/30 जून। मोहाली में मतदाता सूची के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के तहत भाजपा जिला वाइस प्रेसिडेंट और बूथ लेवल एजेंट पर हमला हुआ है। इस हमले में उनकी नाक पर चोटें आई है, जिसके कारण वह फेज-6 स्थित सिविल अस्पताल में दाखिल हैं। उन्होंने सत्ताधारी पार्टी के एक पार्षद पर हमले का आरोप लगाया



है। जानकारी के अनुसार, आज घर-घर जाकर एसआईआर प्रक्रिया के तहत एन्यूमरेशन फॉर्म भरे जा रहे थे। इस दौरान दोनों के बीच कहासुनी हो गई। यह कहासुनी लड़ाई-झगड़े तक पहुंच गई, जिसमें भारतीय जनता पार्टी के हरदीप सिंह को चोट आई है। जानकारी के अनुसार मोहाली के गांव कुमड़ा में मतदाता सूची के एसआईआर अभियान के दौरान हुए विवाद में भाजपा नेता हरदीप सिंह वेदव्यमन घायल हो गए।

### आप को अपनी हार का डर लग रहा : ढिल्लों

भारतीय जनता पार्टी के स्टेट प्रेसिडेंट केवल सिंह ढिल्लों ने कहा कि आम आदमी पार्टी को अपनी हार का डर लग रहा है। वह अब गुंडागर्दी पर उतर आई है और उसके नेता सरकारी काम में बाधा डालने के लिए भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं पर हमला कर रहे हैं, जो कि बर्दाश्त नहीं है। अगर प्रशासन की तरफ से आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो जल्द ही भारतीय जनता पार्टी मोहाली डीसी और एसएसपी दफ्तर का घेराव करेगी।

# डीजे बंद कराने गई पुलिस टीम पर हमला, हेड कांस्टेबल जख्मी, 5 गिरफ्तार



लुधियाना/यूटर्न/30 जून। मोगा में डीजे बंद करवाने गई पुलिस की टीम पर कुछ लोगों ने ईंट-पत्थरों से हमला कर दिया। यह घटना कोटकपूरा बाईपास स्थित कैम्ब्रिज स्कूल के पीछे देर रात हुई। हमले में हेड कांस्टेबल सूबा सिंह घायल हो गए, जिन्हें मोगा के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान निरंजन सिंह, हरतेज, राकेश कुमार, मोनू यादव और मनी कुमार के रूप में हुई है। पुलिस अन्य फरार आरोपियों की तलाश कर रही है। डीएसपी सिटी के अनुसार, 28 और 29 जून की दरमियानी रात करीब एक बजे 112 हेल्पलाइन पर शिकायत मिली थी। पड़ोसियों ने बताया था कि एक घर में तेज आवाज में डीजे बज रहा है और कुछ लोग शराब के नशे में हंगामा कर रहे हैं। शिकायत के बाद पुलिसकर्मी गुरभेज सिंह और हेड कांस्टेबल सूबा सिंह मौके पर पहुंचे और डीजे बंद करने को कहा। पुलिस के डीजे बंद करने के कहने पर वहां मौजूद लोगों ने विरोध किया। उन्होंने पुलिस टीम को घेर लिया और ईंट-पत्थरों से हमला कर दिया। इस हमले में एएसआई सूबा सिंह को गंभीर चोटें आई। आसपास के लोगों के इकट्ठा होने पर आरोपी मौके से फरार हो गए।

# बीवीएम ग्रुप ऑफ स्कूल्स में 'एम्पावर यू' के दूसरे दिन डिजिटल सशक्तिकरण पर सत्र

लुधियाना/यूटर्न/30 जून। बीवीएम ग्रुप ऑफ स्कूल्स द्वारा शैक्षणिक उत्कृष्टता और शिक्षकों के सतत व्यावसायिक विकास के उद्देश्य से शिक्षक-सशक्तिकरण कार्यक्रम 'एम्पावर यू' के द्वितीय दिवस का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पारंपरिक तिलक समारोह, दीप प्रज्ज्वलन और मां सरस्वती वंदना के साथ हुई। उद्घाटन अवसर पर प्रबंधन समिति के सदस्य, बीवीएम ऊधम सिंह नगर के प्रधानाचार्य पवन सूद, किचलू नगर की प्रधानाचार्या रंजू मंगल, चंडीगढ़ रोड की प्रधानाचार्या उपासना मोदगिल, दुगरी शाखा की प्रधानाचार्या ज्योति गर्ग तथा सभी शाखाओं के उपप्रधानाचार्य



उपस्थित रहे। पहले सत्र 'द एम्पावर्ड एजुकेटर्स डिजिटल डेस्क' का संचालन बीवीएम ऊधम सिंह नगर की कंप्यूटर शिक्षिकाओं रूमा जोशी और शिखा वाधवा ने किया। सत्र में शिक्षकों को आधुनिक डिजिटल उपकरणों, तकनीकी दक्षताओं और कक्षा शिक्षण को अधिक प्रभावी बनाने के तरीकों से अवगत कराया गया। दूसरे सत्र में ERP विशेषज्ञों ने शिक्षकों व प्रशासनिक कर्मचारियों को एंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग प्रणाली का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। इसमें डिजिटल स्वचालन से शैक्षणिक और प्रशासनिक कार्यो को सरल, पारदर्शी और प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम का समापन संसाधन व्यक्तियों को पर्यावरण-अनुकूल पौधे भेंट कर, धन्यवाद ज्ञापन और राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## रैम्प कार्यक्रम के तहत चंडीगढ़ में 30,000 एमएसएमई के औपचारिकीकरण के लिए विशेष अभियान शुरू

चंडीगढ़/यूटर्न/30 जून। उद्योग विभाग, चंडीगढ़ प्रशासन ने राइजिंग एंड एक्सेलेरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस कार्यक्रम के तहत शहर के 30,000 अपंजीकृत सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को औपचारिक अर्थव्यवस्था से जोड़ने के लिए एक व्यापक अभियान शुरू किया है। रैंप सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार की एक प्रमुख पहल है, जिसे विश्व बैंक का सहयोग प्राप्त है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य एमएसएमई को वित्तीय सहायता तक बेहतर पहुंच, बाजार से मजबूत जुड़ाव तथा उद्यमों की समग्र वृद्धि के माध्यम से सशक्त बनाना है। इस पहल के अंतर्गत चंडीगढ़ के अपंजीकृत एमएसएमई, जिनमें विनिर्माण इकाइयां, सेवा प्रदाता तथा व्यापारी शामिल हैं, को भारत सरकार की आधिकारिक एमएसएमई मान्यता प्रणाली उद्यम पंजीकरण निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा।

## यूटीसीए टी-20 टूनार्मेंट में प्लाजा जोन की जीत, अदिति श्योराण प्लेयर आफ द मैच

चंडीगढ़/यूटर्न/30 जून। यूटी क्रिकेट एसोसिएशन(यूटीसीए) की ओर से आयोजित अंडर-19 महिला टी-20 टूनार्मेंट में प्लाजा जोन का शानदार प्रदर्शन जारी है। सेक्टर-8 स्थित डीएवी क्रिकेट ग्राउंड में खेले गए मुकाबले में प्लाजा जोन ने पीस जोन को चार विकेट से हरा दिया।



प्लाजा जोन वुमेन टीम की यह लगातार पांचवीं जीत रही। इस मैच में प्लाजा जोन की ओपनर और आलराउंडर अदिति श्योराण ने पहले गेंदबाजी और फिर बल्लेबाजी में शानदार प्रदर्शन कर टीम की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अदिति ने ओपनिंग करते हुए 21 रन बनाए और गेंदबाजी में दो ओवर में सिर्फ दो रन देकर एक विकेट झटका। अदिति के आलराउंडर प्रदर्शन पर उन्हें प्लेयर आफ द मैच चुना गया।




यूटर्न टाइम
The Good, Bad and Ugly of India



पेज 12 लिफ्ट लगी पर चालू नहीं, गंदगी से जूझ रहा मेट्रो...

# एसआईआर मामले में 23 पार्टियां सीजेआई के पास पहुंचीं

चंडीगढ़/यूटर्न/30 जून। मंगलवार को 23 राजनीतिक पार्टियों और एक निर्दलीय सांसद ने भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) को एसआईआर प्रक्रिया, चुनाव आयोग की भूमिका और चुनाव से जुड़े अन्य मुद्दों पर एक संयुक्त पत्र भेजा। इस पत्र पर हस्ताक्षर करने वालों में इंडिया गठबंधन की सभी प्रमुख पार्टियां शामिल हैं, साथ ही आप और डीएमके भी, जिन्होंने गठबंधन से दूरी बना ली है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी और कहा कि विपक्षी पार्टियां शयोर- एकजुटता, एकता और प्रतिरोध के लिए मजबूती से खड़ी हैं। रमेश ने एक्स पर कहा, 8 जून, 2026 को इंडिया गठबंधन की बैठक में 21 राजनीतिक पार्टियों और एक निर्दलीय सांसद ने हिस्सा लिया था। बैठक में भारत के चुनाव आयोग की एसआईआर प्रक्रिया और चुनाव से जुड़े अन्य मुद्दों पर भारत के माननीय मुख्य न्यायाधीश को एक संयुक्त पत्र भेजने का फैसला किया गया था।



## टीएमसी नेता ने किया खुलासा

टीएमसी नेता डेरेक ओ'ब्रायन ने कहा कि आम आदमी पार्टी और डीएमके ने भी इस पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं। उन्होंने एक्स पर कहा, इंडिया गठबंधन की अच्छी पहल। और हां, @AamAadmiParty और @arivalayam (डीएमके) ने भी सीजेआई को भेजे गए संयुक्त पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं। ओ'ब्रायन ने बाद में मीडिया से कहा, यह पत्र INDIA गठबंधन की सभी पार्टियों के सामूहिक प्रयास का नतीजा है।

## सब विफल होने पर न्यायपालिका से इंसाफ की उम्मीद

घटनाक्रम की जानकारी रखने वाले विपक्ष के एक वरिष्ठ नेता के अनुसार, यह पत्र इस विचार पर केंद्रित है कि जब बाकी सब कुछ विफल हो जाता है, तो भारतीय लोकतंत्र न्यायपालिका की ओर देखता है। विपक्ष के नेता ने कहा, यह न्यायपालिका की अंतरात्मा को झकझोरता है... न्यायपालिका को यह देखना होगा कि आज देश में क्या हो रहा है। जब बाकी सब कुछ विफल हो जाता है, तो हम किसके पास जाएं? सूत्रों के मुताबिक, इस चिट्ठी में भारत के चुनाव आयोग की भूमिका का भी ज़िक्र किया गया है और उदाहरण दिए गए हैं कि कैसे एसआईआर प्रोसेस ने अलग-अलग राज्यों में लोगों पर असर डाला है। कांग्रेस और दूसरी विपक्षी पार्टियां स्पेशल इंटेंसिव रिविजन (एसआईआर) प्रोसेस को लेकर चुनाव आयोग पर सवाल उठाती रही हैं।

## सांसद के हस्ताक्षर वाला पत्र न्यायाधीश को भेजा

उन्होंने कहा, इसी के तहत, आज 23 राजनीतिक पार्टियों और एक निर्दलीय सांसद के हस्ताक्षर वाला संयुक्त पत्र भारत के माननीय मुख्य न्यायाधीश को भेजा गया है। सूत्रों के अनुसार, इस संयुक्त पत्र पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी, आरजेडी नेता तेजस्वी यादव, एसपी प्रमुख अखिलेश यादव, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, वामपंथी पार्टियों के नेताओं और निर्दलीय सांसद कपिल सिब्बल समेत अन्य लोगों ने हस्ताक्षर किए हैं।

# जस्सियां रोड स्थित रेलवे लाइन से जवाला सिंह चौक तक सडक निर्माण कार्य का हुआ शुभारंभ



लुधियाना/यूटर्न/30 जून। विधानसभा उतरी के विधायक चौधरी मदन लाल बग्गा ने वार्ड 93 में जस्सियां रोड स्थित रेलवे लाइन से हैबोवाल के ज्वाला सिंह चौक तक बनने वाली सडक के निर्माण कार्य का विधिवत उदघाटन किया। विधायक बग्गा ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य प्रत्येक वार्ड में गुणवत्तापूर्ण सडकें और मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवा कर विकास को गति प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि इस सडक के निर्माण से हैबोवाल,जस्सियां रोड व आसपास के क्षेत्रों से जालंधर रोड पर जाने वाले हजारों लोगों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी तथा यातायात भी अधिक सुगम होगा वहीं समय की बचत होगी। इस दौरान बग्गा ने संबंधित अधिकारियों और ठेकेदारों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। स्थानीय लोगों ने लंबे समय से लंबित इस सडक निर्माण कार्य के शुरू होने पर विधायक बग्गा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सडक बनने से क्षेत्र की तस्वीर बदलेगी, धूल और जलभराव जैसी समस्याओं से राहत मिलेगी। इस अवसर पर स्थानीय निवासी, गणमान्य नागरिक तथा आम आदमी पार्टी के जिला, प्रदेश व वार्ड स्तरीय पदाधिक्कारी भी उपस्थित रहे।



# भगवान जगन्नाथ जी कृपा बरसाने के लिए 16 जुलाई को होंगे रथ पर सवार, शहर में उत्साह का माहौल : राजेश ढांडा

## विशेष रंगों से सजेगा रथयात्रा मार्ग : संजीव सूद बांका

लुधियाना/यूटर्न/30 जून। इस्कॉन एवं भगवान जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव कमेटी की ओर से आगामी 16 जुलाई, वीरवार को श्री दुर्गा माता मंदिर, जगराओं पुल से शाम 4 बजे 30वीं विशाल, भव्य एवं ऐतिहासिक भगवान जगन्नाथ रथयात्रा बड़े श्रद्धाभाव एवं उत्साह के साथ निकाली जाएगी। रथयात्रा को लेकर शहरभर में भक्तों के बीच विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। उपरोक्त शब्दों का प्रक्टावा कमेटी के चेयरमैन राजेश ढांडा ने किया। उन्होंने बताया कि रथयात्रा को सफल बनाने के लिए कमेटी के सदस्य एवं जगन्नाथ सेवक दिन-रात तैयारियों में जुटे हुए हैं। रथयात्रा महोत्सव कमेटी द्वारा महानगर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर समाज के गणमान्य व्यक्तियों, धार्मिक संस्थाओं,







सामाजिक संगठनों एवं श्रद्धालुओं को रथयात्रा में शामिल होने का निमंत्रण दिया जा रहा है। राजेश ढांडा ने कहा कि भगवान जगन्नाथ स्वयं भक्तों को दर्शन देने और अपनी असीम कृपा बरसाने के लिए रथ पर सवार होकर नगर भ्रमण करते हैं। यात्रा में विभिन्न धार्मिक, सामाजिक संस्थाओं द्वारा पुष्पवर्षा, स्वागत द्वार, छबील एवं प्रसाद वितरण की व्यवस्था की जाएगी। कंगारू ग्रुप के चेयरमैन विश्वा जैन कंगारू ने कहा कि रथयात्रा केवल धार्मिक आयोजन ही नहीं, बल्कि समाज में प्रेम, भाईचारे, सेवा और मानवता का संदेश देने वाला महोत्सव है। होटल महाराजा रिजेंसी के सुखदर्शन जैन भोला ने कहा कि पिछले 29 वर्षों से यह यात्रा श्रद्धा और भक्ति के साथ निकाली जा रही है। इस मौके सतीश गुप्ता, अनिल सलूजा, राजिन्द्र छाबड़ा ओटाया, कैलाश लड्डा, केवल बुद्धिराजा, संजय जैन बरनाला, अश्वनी जैन बरनाला, राजेश जैन बॉबी, विकास गोयल विक्की, संजीव गुप्ता स्टॉक एक्सचेंज, मुकेश घई, हरीश जैरथ बिट्टू, सुनील मेहरा, विवेक गुप्ता, मोहन लाल गुप्ता, अनिल राय, प्रशांत सलूजा, सतीश वर्मा रॉयल्टी ज्यूलर्स, कपिल गुप्ता किंगडम, लोकेश सूद, सुभाष डंग, बनवारी हरजाई, चंद्रसेन भोला, मिंटू कालिया, कुलदीप छाबड़ा मिंटू, राहुल अभी बंटी, मधुसूदन सूद, करन लूथरा, संजीव पोपली, बॉबी मल्होत्रा, अमित भगत मुन्ना आदि उपस्थित थे।

## रूह से रूबरू





चारू नागपाल

### सोशल मीडिया रील्स क्या हमारी जान ले रही हैं?

आज के समय में सोशल मीडिया रील्स लोगों के जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुकी हैं। मनोरंजन के लिए बनाई गई ये छोटी-छोटी वीडियो अब कई बार समाज के लिए चिंता का विषय बन गई हैं। अधिक लाइक्स, व्यूज और प्रसिद्धि पाने की चाह में कुछ लोग अपनी जान तक जोखिम में डाल देते हैं। खतरनाक स्टंट, तेज रफ्तार वाहन चलाना या ऊँची इमारतों पर वीडियो बनाना कई बार दुर्घटनाओं का कारण बनता है। दूसरी ओर, कुछ लोग दूसरों की निजता और स्वतंत्रता का सम्मान किए बिना उनकी वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर साझा कर देते हैं। इससे किसी व्यक्ति की गरिमा, सुरक्षा और मानसिक शांति प्रभावित हो सकती है। प्रसिद्धि की इस दौड़ ने कई लोगों को दूसरों की भावनाओं के प्रति असंवेदनशील बना दिया है। किसी दुर्घटना या कठिन परिस्थिति में मदद करने के बजाय लोग पहले वीडियो बनाना अधिक आवश्यक समझने लगे हैं। इसके अलावा किसी को जान से मारने की धमकी या तरीकों संबंधित साजिशों वाली रील्स देखकर तो लोगों की बुद्धि पूरी तरह भ्रामक राह पर चल पड़ी है। सोशल मीडिया स्वयं बुरा नहीं है, लेकिन उसका गलत उपयोग गंभीर समस्याएँ पैदा कर सकता है। हमें रील्स का उपयोग केवल मनोरंजन और सकारात्मक संदेश फैलाने के लिए करना चाहिए। साथ ही, अपनी सुरक्षा, दूसरों की निजता और मानवीय संवेदनाओं का सम्मान करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। तभी सोशल मीडिया समाज के लिए लाभदायक सिद्ध होगा।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ

**क्या शादी के बाद पति-पत्नी अलग बैंक लॉकर (Bank Locker) रख सकते हैं?**



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

विवाह के बाद अक्सर यह प्रश्न उठता है कि क्या पति-पत्नी को अपना अलग Bank Locker रखने का अधिकार है, या फिर सभी कीमती सामान संयुक्त (Joint) Locker में ही रखने चाहिए।

कानून के अनुसार, विवाह के बाद भी पति और पत्नी दोनों की अलग कानूनी एवं वित्तीय पहचान बनी रहती है। इसलिए दोनों अपने-अपने नाम से अलग Bank Locker ले सकते हैं। यदि दोनों चाहें, तो Joint Locker भी खुलवा सकते हैं। ऐसे Locker के संचालन की शर्तें बैंक के साथ हुए समझौते (Locker Agreement) के अनुसार तय होती हैं।

यह भी ध्यान रखना जरूरी है कि Joint Locker में रखा हर सामान दोनों का संयुक्त स्वामित्व (Joint Ownership) नहीं माना जाता। किसी वस्तु का वास्तविक मालिक कौन है, यह उसके खरीदने, प्राप्त करने और अन्य उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर तय किया जाता है। उदाहरण के लिए, यदि किसी महिला का Stridhan संयुक्त लॉकर में रखा गया है, तो केवल Joint Locker होने से उस पर उसका अधिकार समाप्त नहीं हो जाता। वैवाहिक विवाद की स्थिति में Locker में रखे गहनों, दस्तावेजों या अन्य वस्तुओं को लेकर विवाद उत्पन्न हो सकते हैं। ऐसे मामलों में अदालत उपलब्ध साक्ष्यों और परिस्थितियों के आधार पर निर्णय करती है। कई लोग यह मान लेते हैं कि शादी के बाद व्यक्तिगत Locker रखने का अधिकार समाप्त हो जाता है, जबकि कानून ऐसा नहीं कहता।

निष्कर्ष: शादी के बाद पति और पत्नी दोनों अपने-अपने नाम से अलग Bank Locker रख सकते हैं। Joint Locker सुविधा का माध्यम है, लेकिन उससे उसमें रखी प्रत्येक वस्तु का स्वामित्व स्वत: संयुक्त नहीं हो जाता।

# हरियाणा बना कृषि मॉडल, शिवराज ने की सैनी सरकार की नीतियों की सराहना

## एफपीओ मिशन-2026 का शुभारंभ



चंडीगढ़/यूटर्न/30 जून। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रेवाड़ी के बावल स्थित कृषि महाविद्यालय में ह्यहरियाणा एफपीओ मिशन-2026ह्न का शुभारंभ कर किसान वर्ग को बड़ा राजनीतिक संदेश दिया। ह्यखेत बचाओ अभियानह्न के समापन समारोह में केंद्र और प्रदेश सरकार ने कृषि, किसान आय, मृदा स्वास्थ्य और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को अपनी प्राथमिकता बताया। कार्यक्रम में शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि उन्नत कृषि और समृद्ध किसान के बिना विकसित भारत का सपना साकार नहीं हो सकता। उन्होंने हरियाणा सरकार की किसान हितैषी नीतियों की सराहना करते हुए कहा कि हरियाणा 24 फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य देने वाला अग्रणी राज्य है। उन्होंने 'मेरी फसल-मेरा ब्यौरा', 'मेरा पानी-मेरी विरासत' और भावांतर भरपाई जैसी योजनाओं को देश के लिए मॉडल बताया।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा भौगोलिक रूप से छोटा राज्य होने के बावजूद देश की खाद्य सुरक्षा की मजबूत आधारशिला है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कृषि, बागवानी और डेयरी क्षेत्रों से जुड़े करीब 775 किसान उत्पादक संगठन सक्रिय हैं। एफपीओ मिशन-2026 के जरिए इन संगठनों को और मजबूत किया जाएगा, ताकि छोटे और सीमांत किसानों को बेहतर बाजार, मूल्य संवर्धन, प्रसंस्करण और आधुनिक आपूर्ति श्रृंखला का लाभ मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल संरक्षण, मृदा स्वास्थ्य और फसल विविधिकरण प्रदेश की कृषि नीति का मुख्य आधार है। कार्यक्रम में प्रगतिशील किसानों को सम्मानित कर सरकार ने किसान हितों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। राजनीतिक तौर पर यह आयोजन किसानों के बीच सरकार की पकड़ मजबूत करने की कोशिश के रूप में भी देखा जा रहा है।

# तीन हफ्तों में जानलेवा बने ब्रेन ट्यूमर का सफल इलाज, 52 वर्षीय महिला को मिली नई जिंदगी

पंचकूला/यूटर्न/30 जून। पारस हेल्थ पंचकुला के न्यूरोसर्जरी विभाग ने 52 वर्षीय महिला का दुर्लभ और तेजी से बढ़ने वाले ब्रेन ट्यूमर का सफल इलाज कर नई जिंदगी दी। शुरूआत में सामान्य दिखने वाला ट्यूमर मात्र तीन सप्ताह में जानलेवा रूप ले बैठा, लेकिन समय पर पहचान, आधुनिक मॉलिक्यूलर जांच और आपातकालीन सर्जरी से मरीज की जान बचा ली गई। नीलम नामक मरीज को अचानक दौरा (जीटीसीएस) पड़ने के बाद अस्पताल लाया गया। एमआरआई जांच में मस्तिष्क के अगले हिस्से में करीब 1.5 सेंटीमीटर का ट्यूमर मिला, जो दोनों फ्रंटल लोब और कॉर्पस कैलोसम तक फैल चुका था। शुरूआती जांच में यह लो-ग्रेड डिफ्यूज ग्लियोमा प्रतीत हुआ।

# 'शिक्षा बचाओ-भविष्य बचाओ' नारे तले कांग्रेस खोलेगी केंद्र सरकार खिलाफ मोर्चा, लुधियाना में प्रैस कांफ्रेस के बाद ऐलान

## शहर के कांग्रेसी लीडर कहने को एकजुट, लेकिन अंदरखाते गुट्‌टबाजी जारी



लुधियाना/यूटर्न/30 जून। कांग्रेस पार्टी की और से केंद्र सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलने की तैयारी कर ली गई है। उनकी तरफ से शिक्षा बचाओ-भविष्य बचाओ के नारे तले यह विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। पूरे देश में इस विरोध के तहत प्रैस कांफ्रेस होंगी और रैलियां निकाली जाएंगी। राहुल गांधी के ऐलान के बाद मंगलवार को लुधियाना में भी कांग्रेसी लीडरों द्वारा प्रैस कांफ्रेस आयोजित की गई। इस दौरान कैप्टन संदीप सिंह संधू, पूर्व विधायक व जिला प्रधान संजय तलवार, पूर्व विधायक सुरिंदर डावर, कुलदीप सिंह वैद, मलकीत सिंह दाखा, केके बावा, बलविंदर बैंस समेत कई लीडर शामिल थे। जिनकी और से राहुल गांधी की एक वीडियो दिखाई गई। जिसके बाद देश में खराब शिक्षा नीति खिलाफ मोर्चा खोलने का ऐलान किया। इस प्रैस कांग्रेस में बेशक कांग्रेस के ज्यादातर लीडर शामिल थे। लेकिन पूर्व मंत्री व दिग्गज नेता भारत भूषण आशु फिर शामिल नहीं हुए। जिसे देख चचाएं छिड़ गई कि शायद पार्टी के अंदर अभी भी लीडरों में आपसी मनमुटाव जारी है।

### पॉलिसी बनाओ और संबंधित मंत्रियों से इस्तीफा लो

- इस दौरान कांग्रेसी लीडर कैप्टन संदीप संधू ने कहा कि देश में शिक्षा का सत्र लगातार नीचे गिरता जा रहा है। कहीं पेपर लीक हो रहे हैं तो कहीं बच्चों को पढ़ाई नहीं मिल पा रही। कांग्रेस हाईकमान द्वारा शिक्षा की गलत नीति खिलाफ विरोध शुरू किया गया है। जिसके चलते अब यह विरोध प्रदर्शन पूरे देश में होगा। इसमें पहले प्रैस कांफ्रेस की जाएगी और फिर पांच रैलियां निकाली जाएगी। जिसके बाद दिल्ली कूच किया जाएगा। संदीप संधू ने कहा कि उनकी मांग है कि शिक्षा पॉलिसी में सुधार किया जाए और लापरवाही करने वाले मंत्रियों से इस्तीफा लिया जाए। उन्होंने कहा कि जब से केंद्र में भाजपा सरकार आई है, तब से देश तरक्की के रास्ते से साइड हो चुका है।

### क्या अभी भी चल रही गुट्टबाजी ?

- इस प्रैस कांफ्रेस में जहां शहर के ज्यादातर कांग्रेसी लीडर शामिल हुए, वहीं पूर्व मंत्री भारत भूषण आशु हाजिर नहीं थे। जिसके चलते चर्चा है कि अभी भी पार्टी में अंदरुनी गुट्टबाजी जारी है। हालांकि आशु शुरूआत से ही दूसरे गुट के लीडरों और उनके पद्दों को सिरे से नकार रहे हैं। इन्हें देखकर लगता है कि शहर में अभी भी कांग्रेस दो गुट में हैं। बेशक हाईकमान की रिजर्व करने की चेतावनी के बाद कई लीडरों ने आपसी मनमुटाव दूर कर लिए थे। लेकिन अभी भी कई नेताओं में दूरियां बरकरार है। एक्सपर्ट मुताबिक अगर यह दूरियां इसी तरह रहीं तो विधानसभा चुनाव 2027 में पार्टी को इसका खमियाजा भुगतना पड़ सकता है।

# मानसून से पहले निगम की तैयारी तेज, बुड्ढा दरिया व ड्रेनों की सफाई के आदेश



लुधियाना/यूटर्न/30 जून। मानसून को देखते हुए नगर निगम कमिश्नर ओजस्वी अलंकार ने बुड्ढा दरिया और शहर के आंतरिक ड्रेनों की नियमित डी-सिल्टिंग के आदेश दिए हैं, ताकि बारिश के दौरान पानी का निकास सुचारू बना रहे। नगर निगम की ओर से बाड़ेवाल ड्रेन, ढोक्का मोहल्ला ड्रेन, दोमोरिया ब्रिज ड्रेन समेत अन्य प्रमुख ड्रेनों की सफाई कराई जा रही है। खुले ड्रेनों की सफाई पोकलेन मशीनों और ढके हुए ड्रेनों की सफाई सुपर सक्शन मशीनों से की जा रही है। कमिश्नर अनुसार जलभराव रोकने के लिए रोड गलियों और मुख्य सीवर लाइनों की सफाई भी जारी है। सभी जोनल अधिकारियों को निचले इलाकों की नियमित निगरानी के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि मानसून के दौरान निगम की टीमें लगातार मैदान में तैनात रहेंगी और किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### रात में हटाई जा रही दरिया की गाद

- कमिश्नर अनुसार निगम की ओर से बुड्ढा दरिया से निकाली गई गाद को हटाने के लिए रात के समय विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जबकि दरिया के किनारों को मजबूत करने का कार्य भी तेजी से जारी है। ताकि आने वाले दिनों में यह समस्या न बन सके।

# हरकत में आई ट्रैफिक पुलिस, अवैध पार्किंग करने वाले वाहनों के काटे चालान

NEWS IMPACT

मिलन

लुधियाना/यूटर्न/30 जून। लुधियाना महानगर की सलेम टाबरी की सर्विस लेन में भारी वाहनों की अवैध पार्किंग और बढ़ते हादसों के खतरे को लेकर समाचार प्रकाशित होने के बाद ट्रैफिक पुलिस तुरंत हरकत में आ गई। ट्रैफिक जोन इंचार्ज अशोक चौहान के निर्देश पर पुलिस टीम ने मौके का दौरा किया और सड़क किनारे अवैध रूप से खड़े वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए गलत पार्किंग के छह चालान जारी किए। वही जोन इंचार्ज अशोक चौहान ने बताया कि सड़क पर यातायात बाधित करने वाले तथा नियमों का उल्लंघन कर पार्क किए गए वाहनों के



मौके पर चालान काटते हुए ट्रैफिक मुलाजिम

खिलाफ आगे भी नियमित कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि यदि चेतावनी और चालान के बावजूद सड़क किनारे अवैध पार्किंग नहीं रुकी, तो ऐसे वाहनों को टोइंग क्रेन की सहायता से उठाकर हटाया जाएगा तथा नियमानुसार आगे की कार्रवाई भी की जाएगी।

स्थानीय लोगों ने ट्रैफिक पुलिस द्वारा की गई त्वरित कार्रवाई का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई कि भविष्य में भी सर्विस लेन और अन्य सार्वजनिक सड़कों पर अवैध पार्किंग के खिलाफ इसी प्रकार नियमित अभियान चलाए जाएंगे, जिससे यातायात सुरक्षित और सुचारु बना रहे।

### पब्लिक हम तक पहुंचाए फीडबैक : अशोक चौहान



ट्रैफिक जोन इंचार्ज अशोक चौहान ने मीडिया से बात करते आम जनता से अपील करते हुए कहा कि लोग बिना किसी हिचकिचाहट के इस प्रकार के यातायात संबंधी मामलों की जानकारी ट्रैफिक पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कहा कि शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखना ट्रैफिक पुलिस की प्राथमिकता है और सार्वजनिक हित से जुड़े मामलों में प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

# पंजाब में फिर गमार्या बंदी सिंहों की रिहाई का मुद्दा, कौमी इंसाफ मोर्चा ने 4 जुलाई को रेल रोको आंदोलन का किया ऐलान



खन्ना/यूटर्न/30 जून। श्री फतेहगढ़ साहिब में पंजाब में सजा पूरी कर चुके 'बंदी सिंहों' (सिख कैदियों) की रिहाई की मांग को लेकर एक बार फिर पंथक सियासत और आंदोलन तेज होने जा रहा है। कौमी इंसाफ मोर्चा ने 4 जुलाई 2026 को सरहिंद के माधोपुर में बड़े स्तर पर 'रेल रोको' आंदोलन शुरू करने की आधिकारिक घोषणा कर दी है। गुरुद्वारा श्री फतेहगढ़ साहिब के मीटिंग हॉल में आयोजित एक विशेष प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कौमी इंसाफ मोर्चा के शीर्ष नेताओं ने केंद्र और पंजाब सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने सरकारों पर बंदी सिंहों की रिहाई के मामले में पूरी तरह से उदासीन और टालमटोल वाला रवैया अपनाने का आरोप लगाया। सजा पूरी होने के बाद भी रिहाई न होना अन्याय नेताओं ने कहा कि अपनी कानूनी सजा पूरी कर चुके सिख कैदियों को अभी भी जेलों की सलाखों के पीछे रखना मानवाधिकारों और न्याय के बुनियादी सिद्धांतों का सीधा उल्लंघन है, जिससे पूरे सिख जगत में भारी रोष है।इसके साथ ही मोर्चे ने एक और बड़ी मांग रखते हुए कहा कि काली सूची में दर्ज करीब 20 हजार सिखों के नाम इस सूची से तुरंत बाहर किए जाने चाहिए।




# भारत का बड़ा फ्यूल ट्रायल; इथेनॉल मिक्सिंग एक प्रयोग: सरकार ने एससी से कहा

चंडीगढ़/यूटर्न/30 जून। सुप्रीम कोर्ट में एक अहम बयान में, केंद्र सरकार ने मंगलवार को पूरे देश में 20 प्रतिशत इथेनॉल-मिश्रित पेट्रोल (ई20) को लागू करने को एक जारी प्रयोग बताया। सरकार ने कहा कि इसके असर का साफ आकलन अगले साल तक मिल पाएगा। अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी ने भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) की याचिका पर सुनवाई के दौरान यह बात कही। बीपीसीएल ने 2025-26 सप्लाई वर्ष के लिए इथेनॉल आवंटन से जुड़े कर्नाटक हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती दी थी। केंद्र की इथेनॉल ब्लेंडिंग पॉलिसी का बचाव करते हुए अटॉर्नी जनरल ने सुप्रीम कोर्ट से कहा, बीस प्रतिशत इथेनॉल ब्लेंडिंग एक ऐसी चीज है जिस पर सरकार प्रयोग कर रही है। अगले साल तक हमारे पास नतीजे आ जाएंगे।



## भारत पहले ही इथेनॉल ब्लेंडिंग का लक्ष्य हासिल कर चुका

सरकार का यह बयान ऐसे समय में आया है जब भारत ने समय से पहले ही 20 प्रतिशत इथेनॉल ब्लेंडिंग का लक्ष्य हासिल कर लिया है और ई20 पेट्रोल अब देश भर के फ्यूल स्टेशनों पर उपलब्ध है। केंद्र का लगातार यह कहना रहा है कि इथेनॉल ब्लेंडिंग से आयातित कच्चे तेल पर निर्भरता कम होती है, उत्सर्जन कम होता है और गन्ने व अनाज-आधारित इथेनॉल की मांग पैदा करके किसानों की आय बढ़ती है।

## कर्नाटक हाईकोर्ट के तेल कंपनियों को निर्देश

यह मामला तब उठा जब कर्नाटक हाईकोर्ट ने तेल मार्केटिंग कंपनियों को निर्देश दिया कि वे सप्लाई कॉन्ट्रैक्ट को अंतिम रूप देने से पहले एक डिस्टिलरी की इथेनॉल आवंटन बढ़ाने की मांग पर फिर से विचार करें। बीपीसीएल ने तर्क दिया कि कॉन्ट्रैक्ट दिए जाने के बाद आवंटन को फिर से खोलने से राष्ट्रीय इथेनॉल ब्लेंडिंग प्रोग्राम के कार्यान्वयन में बाधा आ सकती है। सुनवाई के दौरान, सुप्रीम कोर्ट ने सवाल किया कि बीपीसीएल ने हाई कोर्ट के आदेश को डिवीजन बेंच के सामने चुनौती देने के बजाय सीधे सुप्रीम कोर्ट का रुख क्यों किया। अटॉर्नी जनरल ने जवाब दिया कि कॉन्ट्रैक्ट पहले ही फाइनल हो चुके थे और कई हाई कोर्ट में इसी तरह के विवाद लंबित थे, इसलिए सुप्रीम कोर्ट का दखल जरूरी था। केंद्र ने यह भी संकेत दिया कि वह संबंधित मामलों को सुप्रीम कोर्ट में ट्रांसफर करने की मांग करेगा।

## नई बहस छिड़ने की संभावनाएं

हालांकि, ई20 को प्रयोग बताने से इस प्रोग्राम पर नई बहस छिड़ने की संभावना है। जहां सरकार का कहना है कि वह वास्तविक परिस्थितियों में ई20 के दीर्घकालिक प्रभावों का मूल्यांकन कर रही है, वहीं यह ईंधन पहले ही देश भर में लॉन्च किया जा चुका है और पेट्रोल पंपों पर व्यावसायिक रूप से बेचा जा रहा है। इस विरोधाभास से यह सवाल उठने की उम्मीद है कि क्या ऐसे ईंधन का बड़े पैमाने पर सार्वजनिक उपयोग होना चाहिए, जिसके दीर्घकालिक प्रदर्शन का अभी भी मूल्यांकन किया जा रहा है। उम्मीद है कि सुप्रीम कोर्ट इस मामले की सुनवाई जारी रखेगा।

# आज महिलाओं के खाते में सरकार डालेगी एक हजार, अब तक 40 लाख रजिस्ट्रेशन हुई




चंडीगढ़/यूटर्न/30 जून। पंजाब की महिलाओं को मावां धीयां योजना के तहत आज यानि कि एक जुलाई से राज्य सरकार सौगात देने जा रही है। एक जुलाई से महिलाओं के खाते में एक हजार रुपए आने शुरू हो जाएंगे। हर महीने यह राशि आएगी। वहीं जनरल वर्ग की महिलाओं को एक हजार और एससी वर्ग की महिलाओं को 1500 रुपए महीना मिलेंगे। इसकी शुरूआत सीएम भगवंत मान के गृह क्षेत्र धूरी से होगी। सीएम ने कहा कि एक जुलाई दोपहर 12 बजे के बाद बैंकों का प्रोसेस शुरू हो जाएगा। अब तक 40 लाख महिलाओं का रजिस्ट्रेशन हो चुका है। बाकियों के रजिस्ट्रेशन पर काम चल रहा है। रजिस्ट्रेशन जब भी हो, रुपए एक जुलाई से ही मिलेंगे।

# मां ने कर डाली 3 बच्चों की हत्या, नहर में फेंके, खुद भी सुसाइड करने कूदी; पुलिस ने गिरफ्तार किया




तीनों बच्चों की फाइल फोटो



आरोपी महिला शकुंतला

मोहाली/यूटर्न/30 जून। रोपड़ में मोहाली की एक महिला ने अपने 3 बच्चों को नहर में फेंक दिया। इसके बाद खुद भी आत्महत्या करने के लिए नहर में छलांग लगा दी। इस घटना में तीनों बच्चों की मौत गई। इनमें से 2 बच्चों के शव गोताखोरों ने बरामद कर लिए हैं। जबकि, एक बच्चे की तलाश जारी है। वहीं, नहर के पास से मंगलवार को पुलिस ने महिला को जिंदा पकड़ लिया। वह डूबी नहीं और तैर कर किनारे पर आ गई थी। बताया जा रहा है कि महिला केवल नहर में कूदकर आत्महत्या करने के लिए ही मोहाली से रोपड़ आई थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आरोपी की पहचान शकुंतला उर्फ सुमन के रूप में हुई है। वह मोहाली के मटौर की रहने वाली है। उसने अपने तीनों बच्चों 10 वर्षीय तपिश, 7 वर्षीय तनवी और 4 वर्षीय नितिन की हत्या कर दी।

## सास-ससुर ने लगाए गंभीर आरोप

मृतक बच्चों के दादा रामबाबू ने अपनी बहू शकुंतला पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि पिछले कुछ समय से उसका व्यवहार सामान्य नहीं था और वह कई बार बच्चों को नुकसान पहुंचाने जैसी बातें करती थी। परिजन के मुताबिक, परिवार पहले से ही मुश्किल दौर से गुजर रहा था और घर में लगातार तनाव का माहौल बना रहता था। उन्होंने कहा कि बहू का साथ काफी समय से झगड़े भी होते थे। पता नहीं था कि वह बच्चों को मार ही देगी।

DR. SUMITA SOFAT HOSPITAL

BUILDING NO. 9, COLLEGE ROAD, ROSE ENCLAVE, OPP. ROAD GARDEN, LUDHIANA. M : 98141-26488




E-mail : info@sofatinfertility.com
www.sofatinfertility.com

# नाभा में बिना नक्शा पास करवाए फिर शुरू हुआ गोदाम निर्माण, नगर परिषद ने कार्रवाई की तैयारी की

जीरकपुर/यूटर्न/30 जून। गांव नाभा में बिना नक्शा पास करवाए गोदाम निर्माण का मामला एक बार फिर गरमा गया है। आरोप है कि नगर परिषद की ओर से पहले काम रुकवाने और चारदीवारी का हिस्सा तुड़वाने के बावजूद जमीन मालिक ने दोबारा युद्ध स्तर पर निर्माण शुरू कर दिया है। मौके पर पिलर लगाकर गोदाम बनाने की तैयारी की जा रही है। जानकारी के अनुसार मिस्ट होम सोसाइटी से लगती जमीन पर बिना मंजूरी गोदाम निर्माण शुरू किया गया था। शिकायत मिलने पर नगर परिषद ने पहले कार्रवाई करते हुए काम बंद करवाया था। उस समय अधिकारियों ने जमीन मालिक को चेतावनी दी थी कि दोबारा निर्माण शुरू करने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बिल्डिंग इंस्पेक्टर अजय बराड की रिपोर्ट में जमीन



मालिक से लिखित भरोसा भी लिया गया था कि भविष्य में किसी भी निर्माण से पहले नगर परिषद से नक्शा पास करवाया जाएगा। इसके बावजूद अब दोबारा निर्माण शुरू होने से सोसाइटी वासियों में रोष है। लोगों का कहना है कि रिहायशी इलाके के साथ गोदाम बनने से उनके घरों की हवा और रोशनी प्रभावित होगी। साथ ही भारी वाहनों की आवाजाही बढ़ने से


MYST HOMES APARTMENTS

Minutes of the General Body Meeting (GBM)

Name of Society: Myst Homes

2) AGENDA:-

3) BACKGROUND OF THE ISSUE:-

The Following points were discussed in detail:-

दुर्घटनाओं और ट्रैफिक की समस्या भी खड़ी होगी। स्थानीय लोगों का आरोप है कि जीरकपुर में अक्सर सरकारी छुट्टियों के दौरान अवैध निर्माण तेज कर दिए जाते हैं। शनिवार और रविवार को रातों-रात मकान, दुकान या गोदाम खड़े कर दिए जाते हैं। इससे नगर परिषद को नक्शा फीस के रूप में करोड़ों रुपये का नुकसान होता है।

पटियाला रोड स्थित गांव नाभा में जमीनों की कीमत करोड़ों रुपये में है। अच्छी लोकेशन के कारण यहां कई कंपनियां गोदाम लेकर स्टॉक रखती हैं। इसी कारण कई जमीन मालिक लोहे के शेड डालकर गोदाम बनाते हैं और मोटा किराया वसूलते हैं। मगर नक्शा पास न करवाने से सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंचता है। मिस्ट होम सोसाइटी के निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि अवैध निर्माण पर तुरंत रोक लगाई जाए और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की जाए। इस संबंध में बिल्डिंग इंस्पेक्टर अजय बराड ने कहा कि पहले भी शिकायत के बाद काम बंद करवाया गया था। अब दोबारा मौके का जायजा लेकर काम बंद करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में कोई भी अवैध निर्माण नहीं होने दिया जाएगा।

## चंडीगढ़ में राहगीरों को निशाना बनाने वाले दो स्नैचर गिरफ्तार, चोरी का मोबाइल बेचने की फिराक में थे

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/30 जून। चंडीगढ़ पुलिस ने राहगीरों से मोबाइल छीनने वाले दो शातिर स्नैचरों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपी स्नैचिंग किए गए मोबाइल को बेचने की फिराक में थे, लेकिन पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर उन्हें दबोच लिया। आरोपियों के खिलाफ थाना सेक्टर-36 में दर्ज मामले में कार्रवाई की गई है। पुलिस के अनुसार यह कार्रवाई एसएसपी यूटी कंवरदीप कौर के निर्देशन में, एसडीपीओ साउथ वेस्ट धीराज कुमार तथा थाना सेक्टर-36 के प्रभारी इंस्पेक्टर चिरंजी लाल की निगरानी में की गई। पुलिस ने बताया कि 29 जून 2026 को थाना सेक्टर-36 में एफआईआर संख्या 100 दर्ज की गई थी। शिकायतकर्ता अजय कुमार, निवासी मंडी (हिमाचल प्रदेश), ने बताया कि वह 28 जून को महाराष्ट्र से चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन पहुंचा था और हिमाचल जाने के लिए सेक्टर-43 बस स्टैंड की ओर पैदल जा रहा था। रात करीब 9 बजे सेक्टर-42 स्थित शराब के ठेके के पास, सेक्टर-42/43 छोटे चौक की ओर जाते समय बाइक पर सवार दो युवकों ने उसके हाथ से ओप्पो ए15 मोबाइल और मोबाइल कवर में रखा आधार कार्ड छीन लिया और फरार हो गए। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर मुनिया निवासी गांव अटावा, सेक्टर-42 और रोहित उर्फ अंडा निवासी गांव अटावा, सेक्टर-42 को सेक्टर-42 स्थित लेक क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया।



# मिशन 2027: जगरांव में अकाली दल का 'बूथ विजय' मंत्र;



-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/30/जून। पंजाब में 2027 के विधानसभा चुनावों के मद्देनजर शिरोमणि अकाली दल ने अपनी कमर कस ली है। इसी कड़ी में जगरांव हलके में पार्टी की संगठनात्मक क्षमता को नई धार देने के लिए एक अहम बैठक का आयोजन किया गया। हलका इंचार्ज और कोर कमेटी सदस्य एस.आर. क्लेर (पूर्व विधायक) की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में जमीनी स्तर पर पार्टी को मजबूत करने के लिए विशेष रणनीति तैयार की गई।

**बूथ प्रबंधन पर रहेगा जोर:** बैठक का मुख्य केंद्र 'बूथ सशक्तिकरण' रहा। एस.आर. क्लेर ने कहा कि अकाली दल एक कैडर आधारित पार्टी है और इसकी असली शक्ति बूथ स्तर पर तैनात समर्पित कार्यकर्ता हैं।







# एनके शर्मा ने मुख्यमंत्री माताओं-बेटियों सम्मान योजना पर उठाए सवाल, स्वतंत्र जांच की मांग



डेराबस्सी/यूटर्न/30 जून। शिरोमणि अकाली दल के कोषाध्यक्ष एवं डेराबस्सी के पूर्व विधायक एनके शर्मा ने पंजाब सरकार की ह्यमुख्यमंत्री माताओं-बेटियों सम्मान योजनाह्न को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार इस योजना को निष्पक्ष तरीके से लागू करने के बजाय राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल कर रही है। शर्मा ने पूरे मामले की जांच सीबीआई या किसी अन्य स्वतंत्र एजेंसी से कराने की मांग की है।

पत्रकारों से बातचीत में एनके शर्मा ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने विधानसभा चुनाव के दौरान प्रत्येक पात्र महिला को हर महीने 1000 रुपये देने का वादा किया था, लेकिन करीब चार साल तक इसे लागू नहीं किया गया। अब जब योजना का नोटिफिकेशन जारी हुआ है, तब भी लाभार्थियों के चयन में पारदर्शिता नहीं दिखाई दे रही। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार योजना को वोट बैंक की राजनीति का माध्यम बना रही है।

शर्मा ने कहा कि योजना के तहत 'सखियों' की नियुक्ति बिना स्पष्ट मानदंडों के की गई है। आवेदन पत्र भरवाने की प्रक्रिया में भी पक्षपात के आरोप सामने आ रहे हैं। उन्होंने एक कथित वीडियो का हवाला देते हुए दावा किया कि कुछ लोग केवल आम आदमी पार्टी समर्थकों के आवेदन जमा करवाने की बात कर रहे हैं। इस मौके पर वार्ड नंबर 13 की सखी एवं समाजसेवी जसविंदर कौर ने भी आरोप लगाया कि उसी वार्ड की आम आदमी पार्टी की कथित कोऑर्डिनेटर शरणजीत कौर उनके घर आई और कहा कि केवल उन्हीं महिलाओं के आवेदन जमा किए जाएंगे, जिन्होंने आम आदमी पार्टी को वोट दिया है। अन्य राजनीतिक दलों से जुड़ी महिलाओं के आवेदन रद्द कर दिए जाएंगे।

एनके शर्मा ने कहा कि महिलाओं के सम्मान के नाम पर शुरू की गई योजना में यदि राजनीतिक भेदभाव हुआ तो यह पात्र महिलाओं के साथ अन्याय होगा। उन्होंने सरकार से मांग की कि लाभार्थियों की सूची और चयन प्रक्रिया सार्वजनिक की जाए। साथ ही पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए, ताकि हर पात्र महिला को बिना किसी राजनीतिक दबाव और भेदभाव के योजना का लाभ मिल सके।

## पंजाब में आज से खुलेंगें स्कूल, शिक्षा विभाग ने जारी किए आदेश



पंजाब/यूटर्न/30 जून। पंजाब में सभी सरकारी स्कूलों की छुटिटयां 30 जून को खत्म होने जा रही है। जिसके चलते आज यानि कि एक जुलाई से स्कूल रेगुलर खुलेगें। हालांकि पहले क्यास लगाए जा रहे थे कि गर्मी बढ़ने पर छुटिटयां बढ़ा दी जाएगी। लेकिन इस साल गर्मी ज्यादा न पड़ने के चलते सरकार ने छुटिटयां नहीं बढ़ाई। जिसके चलते शिक्षा विभाग ने सभी स्कूल हेड्स को निर्देश दिए हैं कि स्कूल खुलने से पहले साफ सफाई करवाई जाए।

# ढकोली थाना परिसर में 64 जब्त वाहनों की नीलामी, 4.51 लाख रुपये में छूटी बोली







जीरकपुर/यूटर्न/30 जून। ढकोली थाना परिसर में लंबे समय से जब्त और लावारिस हालत में खड़े वाहनों के निस्तारण के लिए मंगलवार को नीलामी प्रक्रिया कराई गई। पुलिस की देखरेख में हुई इस कार्रवाई में कुल 64 वाहनों की नीलामी की गई, जिनमें 2 थ्री-व्हीलर और 62 दोपहिया वाहन शामिल रहे।

नीलामी प्रक्रिया के दौरान कई बोलीदाताओं ने हिस्सा लिया। प्रतिस्पर्धी बोली के बाद गर्ग ट्रेडर्स ने सबसे ऊंची बोली लगाते हुए सभी 64 वाहनों के लिए कुल 4 लाख 51 हजार रुपये की बोली दी। इसके बाद वाहनों का ठेका गर्ग ट्रेडर्स के नाम आवंटित कर दिया गया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार थाना परिसर में लंबे समय से वाहन खड़े होने के कारण जगह की कमी हो रही थी। इन वाहनों के निस्तारण के लिए नियमानुसार नीलामी प्रक्रिया अपनाई गई। अधिकारियों ने बताया कि पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ और पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में संपन्न कराई गई। पुलिस का कहना है कि इस नीलामी से एक ओर थाना परिसर में जगह खाली हुई है, वहीं सरकारी राजस्व में भी 4.51 लाख रुपये की बढ़ोतरी हुई है। भविष्य में भी जब्त और लावारिस वाहनों के समयबद्ध निस्तारण की कार्रवाई जारी रखी जाएगी।




# पंजाब सरकार खेलों के लीग मुकाबले करवाएगी, सीएम ने संगरूर में स्विमिंग पूल का किया उद्घाटन

संगरूर/यूटर्न/30 जून। पंजाब को खेल के क्षेत्र में एक बार फिर देश का सिरमौर बनाने के लक्ष्य के साथ मुख्यमंत्री भगवंत मान ने मंगलवार को संगरूर वासियों को एक बड़ी सौगात दी। सीएम मान ने यहां 9.50 करोड़ रुपये की लागत से तैयार हुए एक अत्याधुनिक और विश्वस्तरीय स्विमिंग पूल का उद्घाटन किया। इस मौके पर जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने राज्य में खेलों को जमीनी स्तर पर बढ़ावा देने के लिए एक बड़ा ऐलान किया। उन्होंने कहा कि अब पंजाब में क्रिकेट और कबड्डी की तर्ज पर सभी खेलों के लीग मुकाबले आयोजित करवाए जाएंगे, ताकि हर प्रतिभावान खिलाड़ी को आगे बढ़ने का समान अवसर मिल सके।



## ताली बजाकर सीएम ने करवाई बच्चों की रेस शुरू

उद्घाटन समारोह के दौरान एक बेहद खास और उत्साहवर्धक नजारा देखने को मिला। स्विमिंग पूल के शुभारंभ के मौके पर वहां मौजूद नन्हें तैराकों (बच्चों) ने एक तैराकी रेस का प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने खुद पूल के किनारे खड़े होकर,क्लैप बजाकर इस रेस की शुरूआत करवाई और बच्चों का हौसला बढ़ाया। बच्चों की प्रतिभा देख सीएम गदगद नजर आए और उन्होंने उभरते हुए खिलाड़ियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# बेड में मिली महिला की लाश, रेहड़े पर लादकर ले जा रहे महिला समेत दो हिरासत में लिए गए

खन्ना/यूटर्न/30 जून। फतेहगढ़ साहिब में बेड के बॉक्स में महिला की लाश मिली। कचहरी के पास जुगाड़ रेहड़ी में ले जाए जा रहे बेड पर लोगों को शक हुआ तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने बेड खोलकर देखा तो उसमें महिला का शव मिला। पुलिस ने एक महिला और एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। दोनों से पूछताछ की जा रही है। वहीं मामले में एक अन्य व्यक्ति के फरार होने की सूचना है, जिसकी तलाश में पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। सोमवार रात मंडी गोबिंदगढ़ की कचहरी के पास 3 लोग जुगाड़ू रेहड़ी (मोटर रिक्शा) में बेड को ले जा रहे थे। रास्ते में कुछ लोगों को उसमें रखे सामान पर संदेह हुआ। उन्होंने रेहड़ी को रोककर पुलिस को सूचना दे दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और बेड की तलाशी ली। तलाशी के दौरान उसके अंदर से महिला



का शव बरामद हुआ। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए स्थानीय सिविल अस्पताल भेज दिया।

## पुलिस खंगाल रही कैमरे

पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि महिला की मौत किन परिस्थितियों में हुई और शव को बॉक्स बेड में रखकर कहां ले जाया जा रहा था। मामले के हर पहलू की गंभीरता से जांच की जा रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है, ताकि पूरे घटनाक्रम का पता चल सके। डीएसपी बिक्रमजीत सिंह घुम्मन ने बताया कि महिला की पहचान, मौत के वास्तविक कारण और हत्या या किसी साजिश की पुष्टि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और जांच पूरी होने के बाद ही हो सकेगी। तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# रिहायशी इलाके में कैंटर की चपेट में आने से महिला की मौत, अवैध गोदामों पर उठे सवाल

जीरकपुर/यूटर्न/30 जून। गांव भबात स्थित गोगा माड़ी के पास मंगलवार को हुए दर्दनाक सड़क हादसे में करीब 60 वर्षीय महिला की जान चली गई। मृतका की पहचान सुनीता रानी, निवासी रिवरडेल अपार्टमेंट, भबात के रूप में हुई है। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। वहीं स्थानीय लोगों ने रिहायशी इलाके में बने गोदामों और भारी वाहनों की लगातार आवाजाही को हादसे की बड़ी वजह बताते हुए प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार सुनीता रानी अपनी एक्टिवा पर सवार होकर किसी काम से घर लौट रही थीं। जब वह गोगा माड़ी के पास पहुंचीं तो एक कैंटर की चपेट में आ गईं।



हादसे के तुरंत बाद आसपास के लोगों ने उन्हें वीआईपी रोड स्थित जेपी अस्पताल पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए सेक्टर-32 स्थित सरकारी अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां उपचार के दौरान डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्राथमिक जानकारी के अनुसार संबंधित कैंटर दिल्ली से नमकीन का सामान लेकर खुशहाल एन्क्लेव स्थित एक गोदाम में डिलीवरी देने आया था। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। चालक और दुर्घटना के कारणों को लेकर जांच जारी है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद नियमानुसार अगली कार्रवाई की जाएगी। हादसे के बाद स्थानीय लोगों में भारी रोष देखने को मिला। उनका कहना है कि गोगा माड़ी और आसपास का क्षेत्र पूरी तरह रिहायशी है तथा यहां की सड़कें अपेक्षाकृत संकरी हैं।

## 16 घंटे बाद आई बिजली, फिर हुई गुल; जीरकपुर-डेराबस्सी में लंबे बिजली कटों से लोग परेशान, विभाग के खिलाफ बढ़ा रोष

जीरकपुर/यूटर्न/30 जून। भीषण गर्मी के बीच डेराबस्सी और जीरकपुर क्षेत्र में लगातार लग रहे लंबे बिजली कटों से लोगों का सब्र जवाब देने लगा है। कॉलेज कॉलोनी, डेराबस्सी में सोमवार रात करीब 8 बजे गुल हुई बिजली मंगलवार दोपहर करीब 2 बजे, लगभग 16 घंटे बाद बहाल हुई। लोगों का आरोप है कि बिजली विभाग में बार-बार शिकायत दर्ज कराने के बावजूद समस्या का समय पर समाधान नहीं हुआ। इतना ही नहीं, दोपहर में बिजली आने के कुछ समय बाद फिर से आपूर्ति बाधित हो गई, जिससे लोगों में भारी नाराजगी देखने को मिली। कॉलेज कॉलोनी निवासी मीना कुमारी ने बताया कि सोमवार रात बिजली चली गई थी और पूरी रात लोगों को बिना बिजली के गुजारनी पड़ी। उन्होंने कहा कि कई बार शिकायत दर्ज करवाई, लेकिन हर बार मोबाइल पर यह संदेश आता रहा कि शिकायत का समाधान कर दिया गया है, जबकि क्षेत्र में बिजली नहीं थी। उन्होंने बताया कि मंगलवार दोपहर करीब 2 बजे बिजली आई, लेकिन कुछ देर बाद फिर चली गई। इसी कॉलोनी के निवासी राजेश कुमार ने कहा कि लगातार 16 घंटे बिजली नहीं रहने से इनवर्टर भी जवाब दे गए। घरों में पानी की समस्या पैदा हो गई और छोटे बच्चों तथा बुजुर्गों को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ी। उन्होंने कहा कि बिजली विभाग को शिकायतों का त्वरित समाधान करना चाहिए और उपभोक्ताओं को सही जानकारी उपलब्ध करानी चाहिए। उधर, जीरकपुर के विभिन्न इलाकों के लोगों ने भी लगातार बिजली कटौती पर नाराजगी जताई। बलटाना निवासी सुनीता शर्मा ने कहा कि पिछले कई दिनों से दिन और रात दोनों समय बिजली कट लग रहे हैं। गर्मी के कारण लोगों का घरों में रहना मुश्किल हो गया है। वीआईपी रोड निवासी अमित अरोड़ा ने कहा कि बिजली कटौती का कोई निश्चित समय नहीं है। अचानक बिजली चले जाने से कामकाज प्रभावित हो रहा है और लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## ग्लैमर और टैलेंट से रश्मिका ने फिर जीता फैंस का दिल



अभिनेत्री रश्मिका मंदाना एक बार फिर अपने स्टाइलिश अंदाज और आकर्षक पर्सनैलिटी को लेकर चर्चा में हैं। फिल्मों में दमदार अभिनय के साथ-साथ रश्मिका की नैचुरल स्माइल और सादगी फैंस को खूब पसंद आती है। साउथ इंडस्ट्री से बॉलीवुड तक उन्होंने कम समय में अपनी अलग पहचान बनाई है। उनकी हर नई तस्वीर और अपडेट सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो जाती है। रश्मिका आज ग्लैमर, मेहनत और सफलता का मजबूत उदाहरण बन चुकी हैं।

# अस्पताल में इंजेक्शन होने के बावजूद पीड़ित को पंचकूला जाना पड़ा, सनौली में कुत्तों के काटने से दहशत

## इंजेक्शन अस्पताल में, फिर भी पीड़ित को जाना पड़ा पंचकूला

जीरकपुर/यूटर्न/30 जून। गांव सनौली में आवारा कुत्तों के हमले से अधिक स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। बीती रात करीब 10:30 बजे आवारा कुत्तों ने गांव में पूजा समेत चार लोगों को काट लिया। घायल पूजा को परिजन ढकोली स्थित सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन वहां एंटी रेबीज इंजेक्शन न लग पाने के कारण उन्हें पंचकूला के सरकारी अस्पताल जाना पड़ा।



पूजा ने बताया कि वह रात को घर से बाहर निकली थीं। इसी दौरान आवारा कुत्ते ने उन पर हमला कर दिया। कुत्ते ने उनकी बाजू पर पंजे मारे और पैर पर काट लिया। उन्होंने बताया कि गांव में आवारा कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ रही है। रात के समय घर से बाहर निकलना भी मुश्किल हो गया है। मामले में नया सवाल तब खड़ा हुआ जब सीएचसी ढकोली के फार्मेसी ऑफिसर गगन सिंगला ने कहा कि अस्पताल में एंटी रेबीज इंजेक्शन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि सोमवार को सरकारी छुट्टी होने के कारण इमरजेंसी में इंजेक्शन उपलब्ध नहीं था। इमरजेंसी स्टाफ से यह चूक हो गई कि उन्होंने उन्हें इसकी जानकारी नहीं दी। इसी कारण संभव है कि महिला को इंजेक्शन न लग पाया हो। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर अस्पताल में इंजेक्शन मौजूद थे तो इमरजेंसी में मरीज को सुविधा क्यों नहीं मिली। कुत्ते के काटने के बाद एंटी रेबीज इंजेक्शन समय पर लगना बेहद जरूरी होता है। ऐसे में घायल महिला को रात में पंचकूला जाना पड़ा, जिससे स्वास्थ्य व्यवस्था की तैयारियों पर सवाल उठते हैं। लोगों ने मांग की है कि ढकोली अस्पताल की इमरजेंसी में एंटी रेबीज इंजेक्शन की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी पीड़ित को रात के समय दूसरे शहर न जाना पड़े। इसके साथ ही गांव सनौली में आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या पर भी तुरंत कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों ने प्रशासन से अपील की है कि कुत्तों की नसबंदी, पकड़ने और निगरानी की व्यवस्था शुरू की जाए।

# लिफ्ट लगी पर चालू नहीं, गंदगी से जूझ रहा मेट्रो मॉल फुटओवर ब्रिज

जीरकपुर/यूटर्न/30 जून। शहर में सड़क हादसों को रोकने और पैदल राहगीरों की सुरक्षा के लिए बनाए गए फुटओवर ब्रिज अब खुद अनदेखी का शिकार हो रहे हैं। मेट्रो मॉल के सामने बने फुटओवर ब्रिज पर लिफ्ट लगाए जाने के बावजूद आज तक शुरू नहीं हो सकी। वहीं ब्रिज पर फैली गंदगी, बदबू और अवैध पोस्टरों के कारण लोगों को इसका इस्तेमाल करने में परेशानी उठानी पड़ रही है।

शहर में लंबे संघर्ष और लोगों की मांग के बाद दो फुटओवर ब्रिज बनाए गए थे। इनमें एक मेट्रो मॉल के सामने और दूसरा मैकडी चौक के पास स्थित है। मेट्रो मॉल वाला ब्रिज कुछ हद तक लोगों के उपयोग में आ रहा है, लेकिन रखरखाव की कमी के कारण इसकी हालत लगातार खराब होती जा रही है।

स्थानीय लोगों के अनुसार ब्रिज पर कई जगह कूड़ा जमा है। नियमित सफाई न होने से बदबू फैल रही है। इससे बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को सबसे ज्यादा दिक्कत हो रही है। लोगों का कहना है कि जिस उद्देश्य से ब्रिज बनाया गया था, उसी की देखरेख पर ध्यान नहीं दिया जा रहा। ब्रिज पर बुजुर्गों और दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए लिफ्ट लगाई गई थी, लेकिन निर्माण के काफी समय बाद भी इसे चालू नहीं किया गया। बताया जा रहा है कि लिफ्ट को अभी तक बिजली कनेक्शन नहीं मिला है। इसके चलते कई लोग ब्रिज का इस्तेमाल करने के बजाय मजबूरी में हाईवे पार कर रहे हैं, जिससे हादसे का खतरा बना रहता है। ब्रिज पर लगे पोस्टर और विज्ञापन भी इसकी सुंदरता को खराब कर रहे हैं।



### २018 में उठी मांग, २०२३ में मिला ब्रिज

मेट्रो मॉल के सामने फुटओवर ब्रिज बनाने की मांग वर्ष 2018 में वीआईपी रोड क्षेत्र के निवासियों ने उठाई थी। लगातार मांग के बाद वर्ष 2023 में शहर में दो फुटओवर ब्रिज बनाने का फैसला लिया गया। लोगों की मांग एस्केलेटर सुविधा वाले आधुनिक ब्रिज की थी, लेकिन सामान्य फुटओवर ब्रिज बनाया गया। सुविधा के लिए लिफ्ट लगाई गई, लेकिन वह आज तक शुरू नहीं हो पाई।

# थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए 11 जुलाई को लगेगा विशाल रक्तदान शिविर



लुधियाना/यूटर्न/30 जून। थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों की सहायता के उद्देश्य से श्री राम ग्लोबल स्कूल, न्यू यंग फाइव स्टार क्लब एवं भोले बाबा रत्न मुनि जैन युवा संघ के संयुक्त तत्वावधान में 11 जुलाई (शनिवार) को सुबह 9 बजे से 3 बजे तक मॉल रोड स्थित श्री राम ग्लोबल प्री स्कूल में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। श्री राम ग्लोबल स्कूल के डायरेक्टर कुंज गर्ग तथा न्यू यंग फाइव स्टार क्लब के युवा रत्न राजेश जैन बॉबी ने बताया कि थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों को नियमित रूप से रक्त की आवश्यकता पड़ती है। इसी मानवीय उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए यह रक्तदान शिविर आयोजित किया जा रहा है।




Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।
Contact - +91 9814295372